नई दिल्ली
राजधानी

मौसम
तापमान — नई दिल्ली
अधिकतम–40.8 | सूर्योदय– 05:30
न्यूनतम– 24.8 | सूर्यास्त– 07:05

3

जनसत्ता | 17 मई, 2026

जोर बाग का नाम बदला नहीं गया है : एनडीएमसी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 मई।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शनिवार को स्पष्ट किया कि जोर बाग का नाम बदलकर 'अनुपम कालोनी' नहीं किया गया है। यह नाम उन कालोनी को दिया जाता है, जो सतत जीवन स्तर के उच्च मानक बनाए रखती हैं। यह स्पष्टीकरण शिवसेना (उबाठा) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई एक पोस्ट के जवाब में आया है।

दरअसल, अपने एक पोस्ट में चतुर्वेदी ने लिखा था कि दिल्ली की सबसे पाश कालोनियों में से एक से गौरवान्वित होने का अधिकार छीन लिया गया है। हालांकि, बाद में शिवसेना (उबाठा) नेता ने स्वीकार किया कि उन्होंने एनडीएमसी की घोषणा को गलत समझा था। चतुर्वेदी की पोस्ट के जवाब में चहल ने कहा कि उनके द्वारा साझा किया गया परिपत्र जोर बाग का नाम बदलकर अनुपम कालोनी करने की घोषणा नहीं है, बल्कि एनडीएमसी की सतत विकास पहल के तहत इलाके को आधिकारिक तौर पर अनुपम कालोनी घोषित करने के लिए है।

चहल ने कहा कि नाम नहीं बदला गया है। अनुपम महज एक प्रमाणन टैग है। उन्होंने बताया कि औपचारिक घोषणा रविवार को जोर बाग में होगी, साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण अभियान भी चलाया जाएगा।

वैश्विक संकट और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच दिल्ली सरकार का निर्णय

विमान ईंधन पर लागू वैट दर घटाई गई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 मई।

वैश्विक भू–राजनीतिक परिस्थितियों, उड्डयन क्षेत्र पर बढ़ते वित्तीय दबाव के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विमान ईंधन यानी एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर वैट दर को 25 फीसद से घटाकर सात फीसद करने का अहम निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, यह रियायती दर प्रारंभिक तौर पर छह महीने की अवधि के लिए लागू की जाएगी। देश और दिल्ली हित में लिए गए इस निर्णय से सरकार को लगभग 985 करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। मुख्यमंत्री के अनुसार यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के साथ–साथ आर्थिक प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने, उड्डयन क्षेत्र को राहत देने, पर्यटन और लाजिस्टिक्स गतिविधियों को प्रोत्साहन देने तथा राष्ट्रीय राजधानी को देश के प्रमुख एविएशन एवं संपर्क केंद्र के रूप में मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से भी लिया गया है।

मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि यद्यपि देश में वर्ष 2017 से जीएसटी व्यवस्था लागू है, लेकिन संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची में शामिल छह पेट्रोलियम उत्पादों, जिनमें विमान ईंधन भी शामिल है, पर अभी भी राज्यों को वैट लगाने का अधिकार प्राप्त है। यही कारण है कि एटीएफ अभी भी जीएसटी के दायरे से बाहर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि एटीएफ पर वैट और केंद्रीय उत्पाद शुल्क का भुगतान एअरलाइंस तेल कंपनियों से ईंधन खरीदते समय करती हैं। एअरलाइंस की कुल परिचालन लागत में एटीएफ का हिस्सा लगभग 40 फीसद तक होता है।

ऐसे में ऊंची कर दरों का सीधा असर हवाई टिकटों की कीमतों और उड्डयन क्षेत्र (एविएशन सेक्टर) की वित्तीय स्थिति पर पड़ता है। हाल के वैश्विक भू–राजनीतिक घटनाक्रमों ने इन चुनौतियों को और अधिक बढ़ा दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में एटीएफ पर वैट से वर्ष 2025–26 में लगभग 1,368 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ, जो दिल्ली सरकार के कुल वार्षिक वैट संग्रह का लगभग 19 फीसद है। इस कारण एटीएफ पर वैट दिल्ली सरकार के लिए एक महत्त्वपूर्ण राजस्व स्रोत बना हुआ है। गुप्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि दिल्ली हवाई अड्डा वर्तमान में देश का सबसे बड़ा उड्डयन केंद्र (एविएशन हब) बना हुआ है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, यह रियायती दर प्रारंभिक तौर पर छह महीने की अवधि के लिए लागू की जाएगी। देश और दिल्ली हित में लिए गए इस निर्णय से सरकार को लगभग 985 करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

मेधावी छात्राओं को मुख्यमंत्री ने बांटी साइकिल

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को आरकेपुरम विधानसभा क्षेत्र में 500 मेधावी छात्राओं निःशुल्क साइकिल वितरित कीं। यह साइकिलें खासतौर पर 10वीं और 12वीं कक्षा पास करने वाली छात्राओं को प्रदान की गई ताकि वे अपनी पढ़ाई आसानी, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ जारी रख सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की शिक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास बेहद जरूरी हैं। इस अवसर पर स्थानीय विधायक अनिल शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र चौधरी और रोटरी क्लब दिल्ली इंपीरियल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आधुनिक और टिकाऊ 'लाजिस्टिक्स' केंद्र बनेगी दिल्ली : रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि विभिन्न राज्यों में 'लाजिस्टिक्स' की सुगमता (लीड्स) 2025 इंडेक्स में राजधानी दिल्ली को देश की सर्वोच्च अनुकरणीय (इम्जेम्प्लर) श्रेणी में जगह मिली है। उन्होंने इसे दिल्ली के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि दिल्ली सरकार द्वारा 'लाजिस्टिक्स' संसाधनों को मजबूत करने, संपर्क बढ़ाने, व्यापार सुगमता को बेहतर बनाने और तकनीक आधारित प्रशासन को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली को आधुनिक और टिकाऊ 'लाजिस्टिक्स' केंद्र बनाया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत सिटी लाजिस्टिक्स योजना तैयार की है, जिसे मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही अधिसूचित की जाएगी।

जीएसटी का फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 मई।

आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने नकली कंपनियां बनाकर बड़े स्तर पर जीएसटी का फर्जीवाड़ा करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है और छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गिरोह के सरगना ने 250 फर्जी कंपनियां का एक बड़ा तंत्र (नेटवर्क) खड़ा किया था, जिनकी आड़ में जीएसटी के फर्जीवाड़े को अंजाम दे रहा था।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपियों की पहचान राज कुमार दीक्षित, अमर कुमार, विभाष कुमार मिश्रा, नितिन वर्मा, मोहम्मद वसीम और आबिद के रूप में हुई है। इनकी गिरफ्तारी के बाद करीब 128 करोड़ के फर्जी जीएसटी लेन–देन का पता चला। इनकी निशानदेही पर 51.12 लाख रुपए, 15 मोबाइल, दो कारें, लैपटाप, फर्जी मुहरें, जाली दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, फर्जी इनवाइस और सिम कार्ड बरामद किए गए है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रवि सिंह ने शनिवार को बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी फर्जी जीएसटी रिटर्न, फर्जी बिलिंग और गलत 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' (आइटीसी) के दावे करने के लिए फर्जी संस्थाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। इनकी निशानदेही पर अब तक 50 कंपनियों की पहचान हुई है।

कांग्रेस और आप नेता नीट अभ्यर्थी के परिजनों से मिले

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 मई।

आजादपुर में कथित तौर पर आत्महत्या करने वाली एक नीट अभ्यर्थी के परिवार वालों से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव और आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को मुलाकात की।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने जहां केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया और उनसे इस्तीफे की मांग की। वहीं, सौरभ भाद्वाज ने कहा कि केंद्र सरकार को छात्रों को यह आश्वासन देना चाहिए कि भविष्य में कोई भी प्रश्नपत्र लीक नहीं होगा, ताकि उन्हें ऐसे चरम कदम उठाने से रोका जा सके। दरअसल, शुक्रवार को आजादपुर में 20 वर्षीय नीट अभ्यर्थी ने अपने घर पर कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद इसको लेकर सवाल खड़े किए जाने लगे।

दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र सरकार के सत्ता में आने के बाद अब तक 90 बार पेपर लीक हुआ है जो चिंता का विषय है। यादव ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजंसी (एनटीए) की विफलता के कारण ही नीट–यूजी परीक्षा का पेपर लीक हुआ, जिसके चलते देश में 22 लाख से अधिक छात्रों का भविष्य अंधकार में है।

एनएचपीसी NHPC
एक नवरत्न कंपनी

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं समाप्त वर्ष के लिए
अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की विवरणी का सार

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	विवरण	एकल				समेकित			
		समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष		समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष	
		31.03.2026	31.12.2025	31.03.2026	31.03.2025	31.03.2026	31.12.2025	31.03.2026	31.03.2025
		अंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1)	प्रचालनों से कुल आय	2,741.25	1,877.47	2,058.54	10,328.26	8,994.26	2,815.53	2,220.73	2,346.97	11,615.29	10,379.86
2)	कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मद पूर्व)	(45.45)	797.08	1,076.77	3,351.86	4,000.05	(273.78)	893.88	1,166.78	3,893.68	4,767.19
3)	कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मद पश्चात)	(45.45)	797.08	1,076.77	3,351.86	4,000.05	(273.78)	893.88	1,166.78	3,893.68	4,767.19
4)	निम्न को आरोप्य अवधि हेतु कर पश्चात निवल लाभ:										
	– मूल कंपनी के स्वामी	1,327.54	292.87	893.92	3,617.80	3,083.98	1,460.16	219.12	853.64	3,765.74	3,006.67
	– अनियंत्रित ब्याज	-	-	-	-	-	89.26	101.48	65.99	454.72	405.06
5)	निम्न को आरोप्य अवधि हेतु कुल व्यापक आय [लाभ एवं अन्य व्यापक आय सहित (कर पश्चात)]:										
	– मूल कंपनी के स्वामी	1,245.28	301.87	869.50	3,542.39	2,981.09	1,378.00	227.90	828.09	3,689.49	2,902.22
	– अनियंत्रित ब्याज	-	-	-	-	-	89.34	101.28	64.90	453.90	403.56
6)	प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य ₹10/- प्रत्येक)	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03
7)	पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर अन्य इक्विटि	29,927.24	30,088.26	28,303.45	29,927.24	28,303.45	31,392.15	31,420.44	29,623.13	31,392.15	29,623.13
8)	निवल मूल्य	39,972.27	40,133.29	38,348.48	39,972.27	38,348.48	41,437.18	41,465.47	39,668.16	41,437.18	39,668.16
9)	प्रदत्त ऋण पूंजी	46,323.99	42,195.40	38,019.10	46,323.99	38,019.10	54,343.89	48,553.35	41,573.98	54,343.89	41,573.98
10)	ऋण इक्विटी अनुपात	1.16	1.05	0.99	1.16	0.99	1.31	1.17	1.05	1.31	1.05
11)	प्रति शेयर आय (मूल और डायलूटेड) - (गैर–वार्षिकी) (इक्विटी शेयर, अंकित मूल्य ₹10/- प्रत्येक)										
	– विनियामक आरक्षितों लेखा शेष में परिवर्तन को छोड़कर (₹ में)	1.77	(0.84)	0.86	2.64	2.93	2.01	(0.95)	0.80	2.77	2.72
	– विनियामक आरक्षितों लेखा शेष में परिवर्तन को शामिल करते हुए (₹ में)	1.32	0.29	0.89	3.60	3.07	1.45	0.22	0.85	3.75	2.99
12)	पूंजी निवेशन आरक्षित	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71
13)	डिबेंचर (बॉन्ड) विमोचन आरक्षित	685.84	788.66	788.66	685.84	788.66	685.84	788.66	788.66	685.84	788.66
14)	ऋण सेवा कवरेज अनुपात (डीएससीआर)	1.24	1.87	3.47	1.74	2.53	1.35	1.73	3.43	1.90	2.66
15)	ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (आईएससीआर)	3.96	2.85	104.35	4.27	3.93	4.41	2.95	40.49	4.67	4.13
16)	प्रतिभूति प्रीमियम खाता	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-

नोट:
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्स्चेंजों में दाखिल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। इन वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप स्टॉक एक्स्चेंजों की वेबसाइट www.nseindia.com और www.bseindia.com एवं कंपनी की वेबसाइट https://www.nhpcindia.com/welcome/page/105 पर उपलब्ध है।
2. पिछली अवधियों के आंकड़े आवश्यकतानुसार पुनः समूहीकृत/पुनः व्यवस्थित/पुनः वर्गीकृत/पुनः उल्लिखित किए गए हैं।

31.03.2026 को समाप्त तिमाही एवं समाप्त वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणाम देखने के लिए QR कोड को स्कैन करें

एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
सीआईएन: L40101HR1975GOI032564
एनएचपीसी कार्यालय परिसर,
सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) भारत
ISO 9001: 2015, ISO 14001: 2015 एवं ISO 45001: 2018 प्रमाणित कंपनी

स्थान: फरीदाबाद
दिनांक: 15 मई, 2026

एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ता/–
(महेश कुमार शर्मा)
निदेशक (वित्त) और सीएफओ
डीआईएन: 11306355

महत्वपूर्ण सूचना: शेयरधारकों से विनम्र अनुरोध है कि कंपनी से संबन्धित सभी सूचनाएँ इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त करने के लिए कृपया अपने संबन्धित Depository प्रतिभागी/कंपनी के पास अपना ई-मेल पता अपडेट कराने का कष्ट करें।

https://www.nhpcindia.com join us:
हरित ऊर्जा का सशक्त आधार

स्पिक मैके

11वाँ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन
को 25 मई से 31 मई 2026 आईआईटी खड़गपुर
में आयोजित आईआईटी प्रणाली के अमृत महोत्सव वर्ष में
गुरु केलुचरण महापात्रा जी को उनके जन्मशताब्दी
वर्ष में सादर समर्पित

25th

रंजित कपूर | एन. राजम | रोबमपत्ती टी. सिवलिंगम

26th, 2-5PM

महमूद फारूकी | देबाशीष रियांग | शशधर आचार्य

26th, 6-9.30PM

सुजाता महापात्रा | रोनू मजूमदार

27th, 2-5PM

तारापद रजक | अचिंत कुमार बेहेरा | प्रह्लाद सिंह टिपानिया

27th, 6-9.30PM

तरुण भट्टाचार्य | परवीन सुल्ताना

28th, 2-5PM

घनाकांत बोरा | कनक सुदर्शन | पार्वती बाउल

28th, 6-9.30PM

एस सौम्या | मार्गी मधु

29th, 2-5PM

निसे मेरुनो | मनप्रीत सिंह | वारसी बंधु

29th, 6-9.30PM

शाहिद परवेज़ | उल्लास कसालकर | सुरेश तलवलकर

रात्रिकालीन कार्यक्रम 30 मई, 8 बजे से 31 मई, प्रातः 6 बजे तक

साजन मिश्रा | अश्विनी भिडे देशपांडे | तेजेंद्र नारायण मजूमदार

लालगुडी जी.जे.आर. कृष्णन और लालगुडी विजयलक्ष्मी | वासिफ़ुद्दीन डागर

साथ में: अकरम खान, विनोद लेले, विनय मिश्रा और अन्य

यह भी: योग, शिल्प कार्यशालाएँ, शास्त्रीय और लोक कलाएँ, फिल्म: 'द मकिंग ऑफ द महात्मा', विरासत भ्रमण

अधिक जानकारी के लिए : सी.एस. कुमार : 9434005819, सुगन बुंगा : 9899308093, गौतु शंकर : 8078134255

ऑनलाइन सीधा प्रसारण : youtube.com/spicmacayofficial

स्पिक मैके: 41/42, लोधी रोड, दिल्ली–110054, www.spicmacay.org